**<u>राजस्थान जुलाई current affairs</u>**

1. **ओपी मीणा:**राजस्थान के नए मुख्य सचिव
2. **पानी लाने में लगने वाले समय के अनुसार तीसरे नंबर पर राजस्थान:**
   - जलश्रोत से पानी लाने के मामले में हमारा राज्य तीसरे स्थान पर हैं।
   - इंडियन ह्यूमनडेवलपमेंटसर्वे की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के ग्रामीण परिवारों को पानी के स्रोत तक पहुंचने के लिए औसतन 39 मिनट की दूरी तय करनी पड़ती है।
   - इस समय की समस्या के मामले में हमारे राज्य से सिर्फ दो राज्य आगे है ओडिशा और मध्य प्रदेश।
3. **अन्नपूर्णा भंडार योजना से जुड़ेगी मिडडे मील योजना:**
   - अन्नपूर्णा भंडार भंडारों से अब मिडडे मील, महिला बाल विकास केंद्र,जिला कारागार, समाज कल्याण छात्रावास,कस्तूरबा गांधी विद्यालय आदि जुड़ेंगे।

   <u>क्या है अन्नपूर्णा भंडार योजना</u>

   - जनसाधारण को उच्च गुणवत्ता की मल्टीब्राण्ड उपभोक्ता वस्तुऐं प्रतिस्पर्धी दरों पर उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु अन्नपूर्णा भण्डार योजना लागू की गई है।
   - योजना के मुख्य बिन्दु
     - अन्नपूर्णा भण्डार योजना देश में सार्वजनिक एवं निजी सहभागिता के अन्तर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण की एक अनूठी योजना है।
     - इसके अन्तर्गत उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्तायुक्तमल्टीब्राण्ड उपभोक्ता वस्तुएँ उचित एवं प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर प्राप्त होंगी।

- **यह देश का एक बहुत बडा उद्यमशीलता अभियान है जिसके अन्तर्गत प्रथम चरण में राज्य भर में पाँच हजार उचित मूल्य की दुकानो के डीलर्सउद्यमियों के रूप में कार्य करेंगे।**

**4. रामगढ़ बांध:**

- यह जयपुर के नजदीक है |
- शहर को करीब 100 साल तक रामगढ़ बांध से पानी सप्लाई हुआ है तथा 2006 के बाद यह सप्लाई से कट गया। बांध क्षेत्र में 415 सरकारी अवरोध हजारों अवैध निर्माण बने हुए है।
- रामगढ़ बांध में बाणगंगा (विराटनगर से), माधोबेणी नदी (मनोहरपुर से), गौमती का नाला सहित अन्य नदियों से पानी आता है।
- **बाँध का इतिहास :** सवाई माधव सिंह ने 30 दिसंबर 1897 को बांध का शिलान्यास किया। बांध के लिए साढ़े 21 मील नहर 139 मील लंबी शाखा बनाई गई। बांध 1903 में बनकर तैयार हुआ। निर्माण पर 5 लाख 84 हजार 593 रुपए खर्च हुए।

5. **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 15 जुलाई से लागू**

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आगामी 15 जुलाई से प्रदेश में लागू कर दी जाएगी।
- इससे करीब 25 लाख किसानों को फायदा होगा।
- योजना के तहत गैर वाणिज्यिक एवं उद्यानिकी फसलों के लिए कुल बीमा राशि का महज दो प्रतिशतप्रीमियम ही किसानों को देना होगा।
- वाणिज्यिक फसलों के लिए प्रीमियम की राशि 5 फीसदी देय होग

6. राजस्थान से केंद्र सरकार में मंत्री

**विजय गोयल**(राज्यसभा)--स्पोर्ट्स, वाटररिसोर्सेस, रिवरडेवलपमेंट एंड गंगा पुनरुद्धार

**सीआर चौधरी** -- कन्ज्यूमर अफेयर्स, फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन

GShindi.com

**पीपी चौधरी** - लॉ एंड जस्टिस, इलेक्ट्रॉनिक एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी

अर्जुन मेघवाल --वित्त,कॉर्पोरेट मामले

वेंकैया नायडू (राज्यसभा)- **शहरी विकास मंत्री**

कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़-**कें**द्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री

7. **रीजनलएयरकनेक्टिविटी के तहत पहले चरण में बीकानेर व जैसलमेर:**
   - रीजनलएयरकनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एयर इंडिया की क्षेत्रीय विमानन कंपनी अलायंसएयर दिल्ली-जयपुर-दिल्ली के लिए पहली फ्लाइट 26 जुलाई से शुरू कर रही है।
   - इसी फ्लाइट को अगले माह से बीकानेर-जैसलमेर के लिए शुरू किया जाएगा।
   - दुसरे चरण में जोधपुर व कोटा जुड़ेंगे
   - जोधपुर,बीकानेर, कोटा और जैसलमेर में एयरपोर्ट अथॉरिटी की टर्मिनलबिल्डिंग बनी हुई है।
8. **अजमेर के तिलोनिया ने दी अफिकीमहिलाओ को सोलर ट्रेनिंग**
   - अजमेर जिले का तिलोनिया गांव सौर ऊर्जा से उजियारे की यह लौ दुनियाभर में जला रहा है।
   - यहां हर साल सैकड़ों बेयरफुट महिला इंजीनियर तैयार होती हैं।
   - अफ्रीका महाद्वीप की 36 देशों की 300 महिलाएं सोलर ऊर्जा का प्रशिक्षण प्राप्त कर सोलर इंजीनियर बन चुकी हैं।
9. **जनसंख्या स्थायित्व में झालावाड़फर्स्ट, सैकंडश्रीगंगानगर, चूरू तीसरे नंबर पर:**
   - सर्वश्रेष्ठपंचायत समिति: प्रथमकोटपूतली, दूसरा शाहबाद एवं तीसरे नंबर पर बनेड़ा
   - ग्रामपंचायत: भगेला(चूरू), भांडाहेड़ा (कोटा) एवं बोघेरा (चूरू)

- सरकारीचिकित्सालय : सामुदायिकस्वास्थ्य केन्द्र बस्सी जयपुर
- निजीअस्पताल: हरिओमहॉस्पिटल, उदयपुर
- गैरसरकारी संगंठन : मेरीस्टोप्स इंडिया , जयपुर
- **व्यक्तिगतपुरस्कार योजना**
    - **प्रथमस्थान:** सुमन(एएनएम)प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सातां (बाड़मेर)
    - द्वितीयस्थान: सरोजगोयन (एएनएम) उप स्वास्थ्य केन्द्र चरकड़ा ( बीकानेर)
    - तृतीयस्थान : देवीविश्नोई (एलएचवी), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धोरीमन्ना (बाड़मेर)
    - **राज्यमें सर्वाधिक पुरुष नसबंदी कराने पर** : खुर्शीदबानो (एएनएम), उपस्वास्थ्य केन्द्र कालीतलाई

**10.भामाशाह कार्ड नहीं तो इलाज नहीं**

राजस्थान स्टेट हैल्थएश्योरेंस एजेंसी ने भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर नई गाइड लाइन जारी कर दी है, जिसके तहत अब भामाशाह कार्ड धारक को ही योजना का लाभ दिया जाएगा। यानी भामाशाह कार्ड ही अस्पताल में पहचान के रूप में माना जाएगा। इसके लिए 12 जुलाई तक का समय निर्धारित कर दिया गया है। इसके बाद 13 जुलाई से सभी को योजना का लाभ लेने के लिए भामाशाह कार्ड ही साथ ले जाना होगा।

क्या है योजना

- वर्ष 2008 में भामाशाह योजना लागू की गई थी ।
- इस योजना को 15 अगस्त 2014 को वृहद रूप में पुनः संरचित कर प्रारंभ किया गया है ।
- यह योजना, सभी सरकारी योजनाओं के नगद एवं गैर नगद लाभ के सीधे व पारदर्शी रुप से वितरण की देश में पहली योजना है ।

GShindi.com

- यह योजना परिवार को आधार मानकर उनके वित्तीय समावेश के लक्ष्य को पूरा करती है, जहाँ हर परिवार को 'भामाशाह कार्ड' दिया जाता है, जो उसके बैंक खाते से जुड़ा होता है ।
- यह बैंक खाता परिवार **की महिला मुखिया** के नाम से होता है और वही इस खाते की राशि को परिवार के हित में उचित उपयोग कर सकती है । यह कार्ड बायो-मैट्रिक पहचान सहित कोर बैंकिंग को सुनिश्चित करता है

**11. फीडबैक पुलिस स्टेशन सॉफ्टवेयर**

- पुलिसथानों की कार्यशैली को सुधारने के लिए , इसके माध्यम से जनता से feedback लिया जाएगा
- आमजन पुलिस थानों के कार्य की समीक्षा कर रेटिंग तय करेंगे।
- लोग थानों को असंतोषजनक कार्य के लिए 1 नंबर, संतोषजनक के लिए 2 नंबर, अच्छे के लिए 3 नंबर, बहुत अच्छे के लिए 4 नंबर और उत्कृष्ट कार्य के लिए 5 नंबर दे सकेंगे।
- इसके आधार पर कम अंक मिलने वाले थानों में आमजन को होने वाली समस्याओं को दूर किया जाएगा और लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

12.**सांभर झील का लग्जरी ट्रेन से सफर**

- पर्यटकों के लिए 26 किलोमीटर के रेलवे ट्रैक को सुधारने और चार बोगी की नई ट्रेन चलाने की सरकार की तैयारी है, जिसमें अधिकतम 25 यात्री ही सवारी कर सकेंगे।
- केंद्र की स्वदेश योजना के तहत 60 करोड़ रुपए का प्रस्ताव मंजूर हो चुका है।
- सांभर झील के साथ ही पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर और अजमेर दरगाह की सूरत चमकाने के लिए प्रसाद योजना के तहत केंद्र ने 44 करोड़ का बजट जारी किया है।

GShindi.com

- काम का जिम्मा राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) को सौंपा गया

14. **मारवाड़ की पहाड़ियों में मिली मेवाड़ की वनस्पतियां**

- बाड़मेर जिले के सिवाना क्षेत्र में स्थित हल्देश्वरपहाड़ियों में मेवाड़ में पनपने वाली वनस्पति मारवाड़ क्षेत्र की हल्देश्वरपहाड़ियों में मिली है।
- हल्देश्वर में हल्दू, पिलखन, रक्तढाक, कड़ाया, गोडल, सिरस, धोक, नाहर कांटा, असल ताश सहित अन्य कई प्रकार की वनस्पतियां मिली है
- ये वनस्पतियांउदयपुर क्षेत्र में मिलती है।
- **मिलने का कारण :** पहाड़ के ऊंचा होने, अपेक्षाकृत माहौल नम होने तथा पशुओं के चराई के लिए कम पहुंचने के कारण ये वनस्पतियां बच गई

**15. अनिल जोशी: राष्ट्रीय तीरंदाजी खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक अनिल जोशी को सियोल, साउथ कोरिया जाने वाली भारतीय तीरंदाजी टीम का कोच नियुक्त किया गया है**

**16. देवेंद्र झाझड़िया:**

- **बचपनमें करंट से हुए हादसे के कारण हाथ कट जाने के बावजूद एथेंसओलिंपिक2004 में गोल्ड**
- **एसआईईआरटी के नए पाठ्यक्रम के अनुसार राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल की ओर से प्रकाशित चतुर्थ कक्षा की अंग्रेजी की पुस्तक में वर्ल्ड रिकॉर्डधारीजेवलिनथ्रोअर देवेंद्र की कहानी'इच वन इजयूनीक' शीर्षक से शामिल की गई है।**

**17. वन महोत्सव की शुरुआतझालावाड़ से**

**18.ग्लोबल राजस्थान एग्रीटैकमीट' के लिए पहला मुम्बई रोड शो में:**

- **ग्लोबल राजस्थान एग्रीटैकमीट2016' (ग्राम) के लिए पहला रोड शो सोमवार को मुंबई में आयोजित किया गया**

- **दस अगस्त तक देश के 8 शहरों में इस तरह के रोड शो आयोजित किए जाएंगे।**
- **रोड शो के दौरान 'ग्राम' पर एक लघु फिल्म, पॉवर पॉइंटप्रेजेंटेशन और इन्वेस्टर्स गाइड के जरिए प्रदेश में कृषि क्षेत्र में उपलब्ध निवेश के अवसरों के बारे में बताया जाएगा।**

**19.खारे पानी में गेहूं उगाने वाले खार्चियागाँव  को सम्मान**

- **खारे पानी के बावजूद अच्छा उत्पादन देने वाले खार्चिया गेहूं की किस्म का संरक्षण करने के लिए पाली  जिले के खारची गांव को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।**
- **राष्ट्रीय पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण की ओर से खार्चिया कृषक समुदाय को वर्ष 2012-13 के 'पादपजीनोम संरक्षण समुदाय पुरस्कार' के लिए चुना गया है।**
- **पश्चिम भारत से पहली बार किसी कृषक समुदाय को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है**

**20.सुमन शर्मा** :राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

- पिछले 8 महीनों से कई वर्षों से लंबित चल रहे लगभग 23 हजार मामलों का **महिला आयोग  ने** निस्तारणहै।
- अभी आयोग के पास 9 हजार मामले लंबित पड़े हैं।
- प्रत्येक मंगलवार को आयोग मुख्यालय और जिला स्तर पर प्रतिमाह2 जन सुनवाई निर्धारित की गई हैं। अब तक 48 जनसुनवाई की जा चुकी है।
- आयोग की हेल्पलाइन24 घंटे अलर्ट करने के साथ 4 काउंसलरों को भी मुस्तैद किया गया है।

GShindi.com

- साथ ही महिलाओं को विधिक ज्ञान कराने के उद्देश्य से कॉलेज और स्कूलों में शिविर भी लगाए जा रहे हैं।
- आयोग ने छात्राओं के लिए सेल्फडिफेंस कार्यक्रम भी हाथ में लिए हैं।

GShindi.com